भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
रक्षा लेखा विभाग

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF DEFENCE
DEFENCE ACCOUNTS DEPARTMENT

<u>रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) का सन्देश</u>

रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ के तथा इसके अंतर्गत आने वाले सभी उप-कार्यालयों, अनुभागों से संबंधित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मैं हिंदी पखवाड़ा की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ ।

इस अवसर पर मैं आप सभी लोगों की सराहना भी करना चाहूँगा कि आप सभी ने कोविड-19 जैसी आपदा की घड़ी में अपने मनोबल को उच्च स्तर पर बनाये रखा है । साथ ही, मैं आशा करता हूँ कि आनेवाले समय में भी आप लोग अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए, कार्यालयी अनुशासन, सत्य और समयनिष्ठा का पूर्ण रूप से पालन करेंगे तथा रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान) लखनऊ कार्यालय का वर्तमान एवं भविष्य सुदृढ़ एवं प्रभावशाली बनाने में सहयोग करेंगे ।

एक बार पुनः आप सभी को हिंदी पखवाड़ा तथा हिंदी दिवस की अनंत शुभकामनाएं ।

धन्यवाद ।

(मुकेश कुमार सिन्हा)
रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक (मध्य कमान)

दिनांक- 02.09.2020